Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota - 324010
Ph No.-0744-2473903 Fax No. 0744-2473033

# कार्यवाही विवरण
## (11वीं वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.02.2014)

**वि.स.क्र. 11.1 : वित्त समिति की दशम बैठक का कार्यवाही विवरण :–**

वित्त समिति की दशम बैठक दिनांक 17.08.2013 को प्रातः 11.30 बजे कुलपति सचिवालय सभा भवन में प्रो. आर. पी. यादव, कुलपति, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

दशम वित्त समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण जो कि पत्रांक F/(3)Accounts/X FC/13/10819-30 दिनांक 19.08.2013 द्वारा प्रसारित किया गया, परिशिष्ट–1 पृष्ठ संख्या 15 से 28 पर पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा अवलोकन कर पुष्टि की गयी।**

**वि.स.क्र. 11.2 : दशम वित्त समिति की बैठक दिनांक 17.08.2013 में लिये गये निर्णयों का पालना प्रतिवेदन।**

दशम वित्त समिति की बैठक दिनांक 17.08.2013 में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन प्रबंध मंडल की 18वीं बैठक के आइटम नं. 18.4 से होने के उपरांत पालना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा अवलोकन कर प्रस्तुत पालना पर सन्तोष व्यक्त किया गया।**

**वि.स.क्र. 11.3 : राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की निजी आय एवं व्यय का वर्ष 2014–15 का बजट अनुमान एवं संशोधित बजट अनुमान वर्ष 2013–14 के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**
**(वित्त अधिकारी)**

नवम वित्त समिति की बैठक में वर्ष 2013–14 के लिये निर्धारित आय /व्यय के संशोधित अनुमानों एवं वर्ष 2014–15 के लिए प्रस्तावित अनुमानों के सारांश का योग निम्नांकित सारणी में प्रस्तुत किया जा रहा है जिसके विस्तृत विवरण परिशिष्ट 3 पृष्ठ संख्या 42 से 57 पर अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

Rs. In Lacs

| Sr No. | Particulars | Actuals | | | Sanction Budget 2013-14 | Upto Dec 2013 | Revised Estimate 2013-14 | Budget Estimate 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | | | | |
| 1 | **Income** | 5042.52 | 5573.94 | 9042.45 | 8503.40 | 5395.66 | 8568.18 | 9237.47 |
| 2 | **Expenditure** | 2694.84 | 3544.87 | 5194.50 | 7324.44 | 3447.55 | 7091.02 | 9088.83 |

**समिति द्वारा प्रस्तावित अनुमान संशोधित अनुमान 2013–14 व बजट अनुमान 2014–15 का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक विचार विमर्श उपरांत आंशिक संशोधन सहित प्रस्ताव अनुमोदित किये गये जो परिशिष्ट 1 पृष्ठ संख्या 1–14 पर सलंग्न है। साथ ही माननीय कुलपति–कक्ष में आवश्यक फर्नीचर/फिक्सचर्स, कार्यालय व्यय, अतिथि सत्कार मद में वर्ष 2014–15 हेतु राशि रू. 10.00 लाख का बजट प्रावधान सम्मिलित कर सहायक कुलसचिव (कुलपति सचिवालय) को उक्त प्रयोजनार्थ आहरण वितरण अधिकार प्रदत्त करने के निर्देश दिये गये।**

**वि.स.क्र. 11.4 :** **आयोजना भिन्न बजट वर्ष 2013–14 में स्वीकृत राशि प्राप्त नहीं होने के कारण व्यय को विश्वविद्यालय की निजी आय से करने के सम्बन्ध में।**

**(वित्त अधिकारी)**

राज्य सरकार वित्त विभाग द्वारा वर्ष 2013–14 में बजट निर्णायक समिति की बैठक में आयोजना भिन्न बजट में संवेतन मद हेतु अनुदान राशि रू. 0.01 लाख का प्रावधान किया गया था वित्त विभाग की बजट निर्णायक समिति वर्ष 2013–14 का कार्यवाही विवरण वित्त विभाग की वेब साइट आई एफ एम एस पर उपलब्ध है। चूंकि राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को कोई बजट राशि संवेतन मद में उपलब्ध नहीं कराई गयी है। अतः इस मद में होने वाले व्यय को विश्वविद्यालय की निजि आय से करने हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया ।

**समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।**

वि.स.क्र. 11.5 : आयोजना बजट वर्ष 2013–14 में स्वीकृत राशि प्राप्त नहीं होने के कारण व्यय को विश्वविद्यालय की निजी आय से करने के सम्बन्ध में।

(वित्त अधिकारी)

राज्य सरकार वित्त विभाग द्वारा वर्ष 2013–14 में बजट निर्णायक समिति की बैठक में आयोजना बजट में संवेतन मद हेतु अनुदान राशि रू. 0.01 लाख का प्रावधान किया गया था वित्त विभाग की बजट निर्णायक समिति वर्ष 2013 -14 का कार्यवाही विवरण। वित्त विभाग की वेब साइट आई एफ एम एस पर उपलब्ध है। चूंकि राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को कोई बजट राशि निर्माण कार्यो हेतु उपलब्ध नहीं कराई गयी है। अतः इस मद में होने वाले व्यय को विश्वविद्यालय की निजि आय से करने हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।**

**वि.स.क्र. 11.6 : मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2013–14 में 44 लेपटॉप की राशि पर किये गये व्यय के संबंध में। (वित्त अधिकारी)**

मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2013–14 में तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के लिए 44 लेपटॉप उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को वितरण करने हेतु राशि रू. 14.96 लाख व्यय करने के निर्देश पत्र संख्या प.1(5)त.शि./2012 पार्ट दिनांक 13.06.2013 से प्राप्त हुए थे जिसके निर्देशानुसार राशि का व्यय निजि आय से किया जा चुका है तथा आयोजना भिन्न की बजट निर्णायक समिति (आयोजना भिन्न) की बैठक दिनांक 11.10.2013 में बजट आवंटन के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये थे जिस पर वित्त विभाग द्वारा राशि का पुर्नभरण करने का आश्वासन दिया गया था किन्तु अभी तक बजट निर्णायक समिति (आयोजना भिन्न) के कार्यवाही विवरण प्राप्त नहीं हुआ है। अतः राज्य सरकार से राशि प्राप्त होने तक इस व्यय को निजि आय से करने हेतु प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किय गया। परिशिष्ट 4 पृष्ठ संख्या 58 व 59 पर संलग्न है।

**समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।**

**वि.स.क्र. 11.7 : विश्वविद्यालय कार्मिकों को स्टेशनरी भत्ता दिये जाने के संबंध में। (कुलसचिव)**

राज्य सरकार के आदेश क्रमांक F7(6)FD/Rules/2010 दिनांक 03.10.2013 के अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक कार्मिकों को वेतन के साथ स्टेशनरी भत्ता रू. 250/– प्रतिमाह प्रति कर्मचारी दिये जाने की स्वीकृति जारी की गई थी लेकिन राज्य सरकार के संशोधित आदेश क्रमांक प.4(32)वित्त1(1)आ.व्यय./2012 दिनांक 27.

01.2014 (प्रति संलग्न) से स्टेशनरी भत्ता कार्यालयाध्यक्ष मद से दिये जाने, लेखांकन करने एवं साथ ही स्टेशनरी क्रय के प्रमाणन के आधार पर भुगतान के निर्देश जारी किये गये है। ऐसी अवस्था में स्टेशनरी भत्ता/स्टेशनरी के क्रय के प्रमाणन, पुनर्भरण किये जाने, भुगतान किये जाने योग्य राशि के संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं है। परिशिष्ट 5 पृष्ठ संख्या 60 से 65 पर संलग्न है।
अतः प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ एवं मार्गदर्शन हेतु प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाकर मार्गदर्शन प्राप्त करने के निर्देश प्रदान किये गये।**

**वि.स.क्र. 11.8 : खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीम मैनेजर एवं कोच को किट मनी स्वीकृत किये जाने के संबंध में। (खेल अधिकारी)**

दशम वित्त समिति की बैठक के बिन्दु संख्या 10.14 से स्वीकृत इन्टर कॉलेज/इन्टर यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों के दैनिक एवं आनुषांगिक भत्तों की दरों का अनुमोदन प्रबंध मंडल की 18वीं बैठक के बिन्दु संख्या 18.4 से होने पर कार्यालय आदेश क्रमांक 1895—98 दिनांक 29.10.2013 से वांछित स्वीकृति जारी की गयी थी प्रति पृष्ठ संख्या 40 पर संलग्न है।
निदेशक (यू.सी.ई.) एवं चेयरमेन स्पोर्टस द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों को देय किट मनी टीम मैनेजर व कोच को भी दिये जाने का पस्ताव प्रस्तुत किया गया है।
अतः प्रतियोगिता में खिलाडियों के साथ जाने वाले टीम मैनेजर व कोच को भी विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत दर पर किट मनी दिया जाना प्रस्तावित है।
**समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत दरों के अनुरूप ही खिलाडियों को देय किट मनी टीम मैनेजर व कोच को भी दिये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।**

**वि.स.क्र. 11.9 : परीक्षा शुल्क, पंजीयन शुल्क, पुनर्मूल्यांकन शुल्क एवं इम्प्रुवमेंट शुल्क में वृद्धि करने के संबंध में। (परीक्षा नियन्त्रक)**

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं के छात्रों के विभिन्न पाठ्यक्रम परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु डिजीटल मूल्यांकन पद्धति तथा प्रश्नपत्रों की ऑन लाइन डिलीवरी प्रक्रिया वर्ष 2014—15 से प्रारम्भ की जा रही है जिसके लिए निविदा प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है जिस पर परम्परागत परीक्षा प्रणाली की तुलना में अधिक

व्यय होना सम्भावित है। देश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी परीक्षा शुल्क एवं पंजीयन शुल्क आर.टी.यू. की तुलना में अत्यधिक है। अतः वर्ष 2014–15 से समस्त पाठ्यक्रमों हेतु परीक्षा शुल्क, पंजीयन शुल्क, पुनर्मूल्यांकन शुल्क एवं इम्प्रुवमेंट शुल्क निम्नानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है :–

| 1 | **Enrollment fee** | Present Fee Rs. | Proposed Fee Rs. |
|---|---|---|---|
| a | Raj. Board/University in Raj State/Board of Technical Education, Jodhpur | 250.00 | 400.00 |
| b | CBSE & Other Central Boards | 350.00 | 500.00 |
| c | Other than BSER Ajmer & Central Board/University in India | 550.00 | 700.00 |
| d | All other cases (NRI, Foreign students) | 5500.00 | 7000.00 |
| 2(i) | **Examination fee** (For UG Course B.Tech. /B Arch. /BHMCT) | | |
| a | Main Exam Fee | 850.00 | 1200.00 |
| b | Back Exam fee for each paper(Maximum Rs 850/-) | 300.00 | 500.00 |
| 2(ii) | For PG Course MBA/MCA/M.Tech | | |
| a | Main Exam fee | 1100.00 | 1500.00 |
| b | Back Exam fee for each paper (Maximum Rs 1100/- ) | 300.00 | 500.00 |
| 3 | **Improvement fee** | | |
| a | B.Tech (per paper) | 60.00 | 100.00 |
| b | MBA (per paper) | 250.00 | 400.00 |
| c | M. Tech (per paper) | 250.00 | 400.00 |
| 4 | **Revaluation of answer book (per paper)** | 250.00 | 400.00 |

समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर निम्नानुसार शुल्क बढाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई :–

| 1 | **Enrollment fee** | Present Fee Rs. | Approved Fee Rs. |
|---|---|---|---|
| a | Raj. Board/University in Raj State/Board of Technical Education, Jodhpur | 250.00 | 400.00 |
| b | CBSE & Other Central Boards | 350.00 | 400.00 |
| c | Other than BSER Ajmer & Central Board/University in India | 550.00 | 400.00 |
| d | All other cases (NRI, Foreign students) | 5500.00 | 7000.00 |
| 2(i) | **Examination fee** (For UG Course B.Tech. /B Arch. /BHMCT) (For the students admitted on or after | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | session 2014-15 | | |
| a | Main Exam Fee | 850.00 | 1200.00 |
| b | Back Exam fee for each paper(Maximum Rs 1200/-) | 300.00 | 500.00 |
| 2(ii) | For PG Course MBA/MCA/M.Tech | | |
| a | Main Exam fee | 1100.00 | 1500.00 |
| b | Back Exam fee for each paper (Maximum Rs 1500/- ) | 300.00 | 500.00 |
| 3 | **Improvement fee** | | |
| a | B.Tech (per paper) | 60.00 | 100.00 |
| b | MBA (per paper) | 250.00 | 400.00 |
| c | M. Tech (per paper) | 250.00 | 400.00 |
| 4 | **Revaluation of answer book (per paper)** | 250.00 | 400.00 |
| | | | |
| | | | |

**वि.स.क्र. 11.10 : परीक्षा प्रबन्धन प्रणाली (सविदा कार्य) हेतु स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में।**
**(परीक्षा नियन्त्रक)**

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न अभियान्त्रिकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए अपेक्षित परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, शुद्वता एवं यथा समय परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने हेतु उत्तर पुस्तिकाओं का डिजीटल मूल्यांकन एवं ऑनलाईन प्रश्न पत्र डिलीवरी प्रक्रिया नितान्त आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा आर0टी0यू0, कोटा में डिजीटल मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य को प्राथमिकता सूची में सम्मिलित किया गया है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थाओं में वर्ष 2014–15 से प्रवेशित छात्रों की विभिन्न पाठ्यक्रम परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के डिजीटल मूल्यांकन एवं ऑनलाईन प्रश्न पत्र डिलीवरी कार्य सहित परीक्षा प्रबन्धन प्रणाली हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की गई है, जिस पर वर्ष 2014–15 से वर्ष 2018–19 तक अनुमानित व्यय राशि रूपये 20 करोड़ होना सम्भावित है।

अतः परीक्षा प्रबन्धन प्रणाली के लिए संविदा कार्य हेतु राशि रूपये 20 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति अपेक्षित है।

अतः प्रस्ताव समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया ।

**समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुए संबंधित वित्तीय वर्षो के आय–व्ययक अनुमानों/संशोधित बजट प्रस्तावों के अन्तर्गत आलोच्य मद में आवश्यक बजट प्रावधान स्वीकृत कराने के निर्देश प्रदान किये गये।**

वि.स.क्र. 11.11 : **सेवानिवृति पर विदाई समारोह हेतु स्वीकृत राशि में वृद्धि करने के संबंध में।**

**(कुलसचिव)**

विश्वविद्यालय में सेवानिवृत होने वाले शिक्षको/कार्मिकों के विदाई समारोह पर वित्त समिति/प्रबंध मंडल के निर्णयानुसार स्टाफ वेलफेयर फण्ड से राशि रू. 3000/– की सीमा में व्यय करने की स्वीकृति कुलसचिव के कार्यालय आदेश क्रमांक एफ(4)GR.2/80. 04/2012/2014/16782–802 दिनांक 05.02.2014 से जारी की गयी। चूंकि मंहगाई में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए कर्मचारी एसोसियेशन द्वारा उक्त राशि की सीमा राशि रू. 3000/– से बढाकर राशि रू. 10,000/– करने की मांग की गयी है। अतः सेवानिवृति पर आयोजित किये जाने वाली विदाई समारोह हेतु व्यय सीमा राशि रू. 10,000/– किया जाना प्रस्तावित है।

अतः प्रस्ताव समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा सेवानिवृति पर आयोज्य विदाई समारोह हेतु प्रस्तावित राशि को अधिक मानते हुए रू. 5000/– प्रति कर्मचारी व्यय सीमा निर्धारित करने पर सहमति व्यक्त की गयी।**

वि.स.क्र. 11.12 : **अतिथि गृह स्थित कक्षों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

**(सम्पदा अधिकारी)**

विश्वविद्यालय स्थित अतिथि गृह में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाने के क्रम में कक्षों में माननीय कुलपति के निर्देशानुसार निम्नांकित Fixture क्रय किये गये है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 LED T.V. | 6 No. | Amount Rs 1.98 lac |
| 2 Mono Freeze | 2 No. | Amount Rs 0.18 lac |
| 3 Microvave | 1 No. | Amount Rs 0.14 lac |
| | | Total Rs. 2.30 lac |

इसके अतिरिक्त Dining Hall एवं Entrance Hall में 3 A.C. लगाया जाना प्रस्तावित है जिस पर अनुमानित व्यय राशि रू. 2.00 लाख होना सम्भावित है।

अतः Fixtures पर व्यय की गयी राशि रू. 2.30 लाख की कार्योत्तर स्वीकृति एवं 3 नये A.C. क्रय करने हेतु राशि रू. 2.00 लाख की स्वीकृति अपेक्षित है।

प्रस्ताव समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्ररतुत किया गया।

**समिति द्वारा नये ए.सी. क्रय करने हेतु राज्य सरकार के निर्देशों के अन्तर्गत प्रबंध मंडल की स्वीकृति प्राप्त करने व अन्य उपकरणों के लिए प्रस्तावित कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**वि.स.क्र. 11.13 : विश्वविद्यालय में एनर्जी एफिशियेन्ट लाइट लगवानें के संबंध में।**

**(सम्पदा अधिकारी)**

विश्वविद्यालय में वर्तमान में 190 से अधिक 150 वॉट क्षमता के सोडियम लेम्प लग हुए है जिनकी अवधि लगभग 3 माह होती है एवं अत्यधिक उर्जा का व्यय होता है। अधिकांश Fixtures लगभग 20 वर्ष पुरानें है एवं इनकी बार–बार मरम्मत संधारण की आवश्यकता होती है।
ऐसी अवस्था में सम्पदा अधिकारी द्वारा आलोच्य पुराने सोडियम लेम्प के स्थान पर एनर्जी एफिशियेन्ट LED Lights लगवानें के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये है जिन पर अनुमानित व्यय रू. 26.60 लाख होना प्रस्तावित है। परिशिष्ट 6 पृष्ठ संख्या 66 पर संलग्न है।

अतः उर्जा की बचत/वित्तीय मितव्ययिता के मध्यनजर नवीन तकनीक युक्त एनर्जी एफिशियेन्ट LED Lights क्रय करने/लगवानें हेतु राशि रू. 26.60 लाख की स्वीकृति अपेक्षित है।

अतः प्रस्ताव समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्ररतुत किया गया।

**समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गयी तथा राशि रू. 20.00 लाख वर्ष 2014–15 के आय–व्ययक अनुमानों में आवश्यक बजट प्रावधान सम्मिलित करनें के निर्देश दिये गये।**

**वि.स.क्र. 11.14 : लेपटॉप क्रय करने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा विन्डोज–8 पर आधारित 25 नये लेपटॉप क्रय करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये है क्योंकि वर्ष 2008 में क्रय किये गये लेपटॉप निरन्तर उपयोग में आने से अनुपयोगी एवं पुरानी तकनीक निर्मित होने से अप्रचलित हो गये है। इसके अतिरिक्त माननीय कुलपति को एपल मेक लेपटॉप उपलब्ध कराया जाना है। इन लेपटॉप पर अनुमानित राशि रू. 14.00 लाख का व्यय होना सम्भावित है। अतः लेपटॉप क्रय करने हेतु राशि रू. 14.00 लाख की स्वीकृति अपेक्षित है। परिशिष्ट 7 पृष्ठ संख्या 67 पर संलग्न है।

प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन कर पुराने अनुपयोगी/अप्रचलित लेपटॉप का नियमानुसार निस्तारण करने एवं कार्य की प्रकृति, उपयोगिता एवं औचित्य के आधार पर शिक्षकों/अधिकारियों को विश्वविद्यालय कार्य प्रयोजनार्थ उपलब्ध कराने हेतु लेपटॉप क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई तथा आय व्ययक अनुमान 2014–15 में राशि रू. 14.00 लाख का बजट प्रावधान सम्मिलित करने के निर्देश दिये गये।**

**वि.स.क्र. 11.15 : दिनांक 01.01.004 से पूर्व नियुक्त विश्वविद्यालय कार्मिकों को पेंशन योजना स्वीकृत करने के संबंध में। (कुलसचिव)**

विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत विश्वविद्यालय कार्मिकों को पेंशन, ग्रेच्यूटी, प्रोविडेन्ट फण्ड संबंधी परिलाभ दिये जाने का प्रावधान है। प्रबंध मंडल की तृतीय बैठक दिनांक 23.01.2008 में विश्वविद्यालय के 01.01.2004 से पूर्व नियुक्त तत्कालीन इन्जीनियरिंग कॉलेज एवं वर्तमान में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में आमेलित कार्मिकों को पेंशन परिलाभ दिये जाने की सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी थी। तदनुसार पेंशन परिलाभ पर आने वाले व्यय/दायित्व की संगणना करने हेतु कमेटी गठित कर पेंशन दायित्व की गणना कराई गयी एवं प्रकरण बनाकर राज्य सरकार की स्वीकृति के लिए भेजा गया। तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के पत्रांक प.5(9)त.शि./93/पार्ट दिनांक 24.12.2013 से निर्देश प्रदान किये गये कि ''अभियान्त्रिकी महाविद्यालय, कोटा के कर्मचारी तकनीकी शिक्षा विभाग के स्केनिंग नोटिफिकेशन दिनांक 05.09.2006 के द्वारा राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कर्मचारी माने गये तथा ये कर्मचारी विद्यमान सी.पी.एफ. योजना के सदस्य रहेंगे। इसलिए इन पर पेंशन योजना प्रभावी नहीं हो सकती।''

इसी क्रम में संयुक्त शासन सचिव वित्त (व्यय–I ) विभाग के पंत्राक प.3(10)वित्त/व्यय–I/2013 दिनांक 13.1.1.2013 से निर्देशित किया गया है कि ''माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 7160/2013 राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर बनाम राज्य एवं अन्य में पारित निर्णय दिनांक 27.08.2013 तथा सिविल अपील संख्या 8469/2013 राजस्थान राज्य बनाम ए.एन. माथुर व अन्य में पारित निर्णय दिनांक 23.09.2013 की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर लेख है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने नियमों तथा वित्तीय भार के परिप्रेक्ष्य में यह पुष्टि की है कि सी.पी.एफ. योजना से पेंशन योजना में विकल्प परिवर्तन की स्वीकृति देने से पूर्व राज्य सरकार की सहमति आवश्यक होगी।''

इस क्रम में कुलसचिव द्वारा प्रकरण में पेंशन दायित्व विश्वविद्यालय द्वारा वहन करने की सहमति सहित राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये है जो परिशिष्ट संख्या 8 पृष्ठ संख्या 68 से पृष्ठ संख्या 83 पर संलग्न है।
अतः प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया।

**वित्त विभाग के प्रतिनिधि एवं वित्त अधिकारी द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि प्रकरण विश्वविद्यालय के शिक्षकों/कार्मिकों के विद्यमान सी.पी.एफ. योजना से पेंशन योजना में विकल्प परिवर्तन की स्वीकृति से संबंधित है जो राज्य सरकार की अधिकारिता में नीतिगत निर्णय का विषय है। अतएव राज्य सरकार के संदर्भित पत्रों/निर्देशों के परिपेक्ष्य में विश्वविद्यालय हित में प्रशासनिक स्तर पर नियमानुसार समुचित कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया।**

**समिति द्वारा प्रकरण पर विचार विमर्श किया गया तथा सी.पी.एफ. योजना के स्थान पर राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित पेंशन योजना लागू करने की नियमानुसार सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रकरण प्रबंध मंडल/राज्य सरकार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये एवं राज्य सरकार की स्वीकृति/आदेश प्राप्त होने पर आलोच्य वित्तीय भार विश्वविद्यालय द्वारा वहन करने की अभिशंषा की गई।**

वि.स.क्र. 11.16 : **एकीकृत विकास प्लॉन हेतु विकास शुल्क राशि संरक्षित/चिन्हित करने के संबंध में। (निदेशक अकादमिक)**

विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों से वसूल की जाने वाली विकास शुल्क राशि के Productive कार्यो में उपयोग हेतु निम्नानुसार धनाराशि चिन्हित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये है :– (प्रस्ताव परिशिष्ट 9 पृष्ठ संख्या 84 से पृष्ठ संख्या 85 पर संलग्न है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Faculty Development Program | Rs 20.00 lacs |
| 2 | RTU Tech Fest | Rs 15.00 lacs |
| 3 | RTU Cultural Fest | Rs 15.00 lacs |
| 4 | University Library | Rs 100.00 lacs |
| 5 | Language/Skill Development Lab | Rs 40.00 lacs |
| 6 | Model Labs | Rs 200.00 lacs |
| 7 | News Letter | Rs 3.00 lacs |
| 8 | Expert Lecture Series | Rs 9.00 lacs |
| | | Total Rs 402.00 lacs |

अतः प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा प्रस्ताव पर आवश्यक चर्चा कर प्रति कुलपति को आहरण वितरण अधिकार प्रदान किये जाने की सहमति व्यक्त की गयी तथा वर्ष 2014–15 के बजट प्रस्तावों में अतिरिक्त राशि रू. 200.00 लाख "Centre for Excellence" सहित राशि रू. 602.00 लाख के बजट प्रावधान स्वीकृत किये गये।**

**वि.स.क्र. 11.17 : पी.एच.डी. हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क वार्षिक के स्थान पर प्रति सेमेस्टर लिये जाने के संबंध में। (डीन रिसर्च)**

पूर्व में कुलसचिव के आदेश क्रमांक 11895–900 दिनांक 07.01.2013 से वित्त समिति एवं प्रबंध मंडल के निर्णयानुसार पी.एच.डी. हेतु फीस निर्धारण के आदेश जारी किये गये थे जो राजस्थान विश्वविद्यालय के समकक्ष थे किन्तु राजस्थान विश्वविद्यालय में यह फीस वार्षिक थी। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा पी.एच.डी. हेतु जारी आर्डिनेन्स 10.1 के अन्तर्गत निम्नतम व अधिकतम समयावधि निम्नानुसार निर्धारित की गयी है :–

| Category | Minimum period for submission of thesis | Maxiumu period for submission of thesis |
|---|---|---|
| Full-time | five semesters | twelve semesters |
| Part-time | eight semesters | sixteen semesters |

पूर्व में जारी आदेश की प्रति एवं ओर्डिनेन्स में निर्धारित समयावधि की प्रति परिशिष्ट 10 पृष्ठ संख्या 86 से 91 पर संलग्न है।

अतः पी.एच.डी. हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क राशि रू. 1000/– एवं 100/– रू. रजिस्ट्रेशन फार्म शुल्क प्रति सेमेस्टर/प्रति शोधार्थी लिया जाना प्रस्तावित किया गया।

**समिति द्वारा प्रस्तावानुसार शुल्क लिये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।**

**वि.स.क्र. 11.17(A) सेन्टर फॉर एनर्जी एवं एन्वायरमेंट के अन्तर्गत एम.टेक./पी.एच.डी. के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु यात्रा भत्ता दिये जाने के संबंध में। (Head CEE)**

विभागाध्यक्ष सेन्टर फॉर एनर्जी एवं एन्वायरमेंट द्वारा एम.टेक./पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण, कान्फ्रेंस, सेमीनार, वर्कशॉप इत्यादि में भाग लेने हेतु विश्वविद्यालय से यात्रा भत्ता दिये

जाने के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये है जो परिशिष्ट 11 पृष्ठ संख्या 92 से 94 पर संलग्न है।
अतः प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा प्रकरण का अवलोकन कर प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

**वि.स.क्र. 11.18 : विश्वविद्यालय के छात्रावासों में रसोई घर के आधुनिकरण बाबत।**
**(निदेशक यू.सी.ई.)**

विश्वविद्यालय के छात्रावसों में रसोई घर में खाना बनाने का कार्य बहुत पुरानी गैस की भट्टीयों पर किया जा रहा है एवं बर्तनों के रख रखाव एवं सफाई का कार्य भी कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। खाना बनाने व सफाई की पूरी प्रक्रिया बहुत ही अस्वास्थ्यकारक है और इसे आधुनिकरण की आवश्यकता है, जिससे पूर्व में घटित विषाक्त भोजन एवं पीलिया जैसी बीमारियों की पुनरावृति रोकी जा सके। इस हेतु मुख्य छात्रावास अधीक्षक द्वारा राशि रू. 30.00 लाख का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है जिसमें मुख्य रूप से चपाती बनाने की आधुनिक मशीन, फ्रिज एवं खाना बनाने व परोसने के नए आधुनिक उपकरण शामिल है। जिसकी अगले वित्तीय वर्ष में क्रियान्विति प्रस्तावित है। प्रस्ताव परिशिष्ट 12 पृष्ठ संख्या 95 पर संलग्न है।

अतः प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा छात्रावसों में रसोई घर की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर ररोई घर में आवश्यक मरम्मत/पुनरूद्धार करानें की स्वीकृति दी गई तथा भोजन केटरिंग व्यवस्था छात्रावास समिति के माध्यम से Out Source Mode के आधार पर किये जाने का सुझाव दिया गया।**

**वि.स.क्र. 11.19 : वित्त अधिकारी कार्यालय हेतु निजी सहायक उपलब्ध कराने हेतु।**
**(वित्त अधिकारी )**

वित्त अधिकारी कार्यालय हेतु निजी सहायक न होने से सूचनाओं के आदान–प्रदान, रिकॉर्ड संधारण, पत्राचार एवं अन्य आवश्यक कार्य दुष्प्रभावित हो रहे है। विश्वविद्यालय द्वारा कनिष्ठ लिपिकों के स्वीकृत पदों के विरूद्ध विज्ञापन जारी किये गये है जो प्रक्रियाधीन है। अतएव कनिष्ठ लिपिक की भर्ती होने तक वित्त अधिकारी कार्यालय हेतु एक

मशीन विद मेन संविदा एजेंसी के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा नियत दरों एवं शर्तो पर लिया जाना प्रस्तावित किया गया है।

प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

**टेबल एजेण्डा 11.1** **वर्ष 2012—13 के लिए महालेखाकार निरीक्षण प्रतिवेदन एवं सनदी लेखाकार की अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में।**

**(वित्त अधिकारी)**

विश्वविद्यालय के लेखों, रेकार्ड का महालेखाकार (सामान्य एवं रामा. क्षेत्र) लेखा परीक्षा एवं सनदी लेखाकार द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण कराया जा रहा है जिसके अन्तर्गत वर्ष 2012—13 तक के लेखों का अंकेक्षण/निरीक्षण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत अनुपालना रिपोर्ट/ठोस कार्यवाही के आधार पर महालेखाकार द्वारा विगत वर्षो के लगभग 80% अनुच्छेद निरस्त किये जा चुके हैं।

अतः विश्वविद्यालय के वर्ष 2012—13 के लेखों की महालेखाकार जांच रिपोर्ट एवं सनदी लेखाकार की अंकेक्षण रिपोर्ट अवलोकनार्थ प्रस्तुत है जो परिशिष्ट संख्या 1 एवं 2 के पृष्ठ संख्या 2 से 44 पर संलग्न है।

**समिति द्वारा महालेखाकार निरीक्षण प्रतिवेदन सनदी लेखाकार अंकेक्षण रिपोर्ट का अवलोकन किया गया तथा निरीक्षण प्रतिवेदन की आक्षेपानुसार पालना/कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।**

**टेबल एजेण्डा 11.2** **स्टाफ वेलफेयर फण्ड के अंतर्गत विभिन्न अनुदान संबंधी स्वीकृति के संबंध में।**

**(वित्त अधिकारी)**

विश्वविद्यालय के स्टॉफ वेलफेयर फण्ड नियमों के अंतर्गत स्टॉफ वेलफेयर फण्ड सोसायटी का गठन किया जाकर सोसायटी एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण कराया जा चुका है एवं सोसायटी के नाम से पंजाब नेशनल बैंक, आर. टी. यू., कोटा में पृथक से बचत खाता खुलवाकर राशि का हस्तान्तरण किया जा चुका है। इसी क्रम में सोसायटी प्रबंधन द्वारा निम्नांकित निर्णय लिये गये है जो परिशिष्ट 3 पृष्ठ संख्या 45 पर संलग्न है :—

1 सोसायटी के लेखों के संधारण/संचालन हेतु किसी कार्मिक को 1500/— रू. प्रतिमाह पारिश्रमिक देय होगा।

2 विश्वविद्यालय कार्मिकों के वेतन से माह जनवरी 2014 से सदस्यता शुल्क 50/- रू. प्रतिमाह की दर से लिया जावेगा।

3 विश्वविद्यालय कार्मिकों की सेवानिवृति पर आयोजित विदाई समारोह हेतु वर्तमान स्वीकृति राशि रू. 3,000/- प्रति व्यक्ति से बढ़ाकर राशि रू. 10,000/- अधिकतम किया जावे।

4 विश्वविद्यालय की स्थापना से कार्मिक की सेवा के दौरान असामयिक निधन की अवस्था में राशि रू. 1.00 लाख अथवा 3 माह का वेतन (बेसिक एवं डी.ए.), जो भी कम हो, अनुदान स्वीकृत किया जावे।

5 स्टॉफ वेलफेयर फण्ड नियमों अंतर्गत कवर न होने वाले प्रकरणों में माननीय कुलपति राशि रू. 1.00 लाख एक अवसर पर एवं वित्तीय वर्ष में राशि रू. 5.00 लाख की सीमा में अनुदान/विशेष सहायता स्वीकृत कर सकेंगे।

6 विश्वविद्यालय फण्ड से दिये गये अग्रिम के विरूद्ध विदाई समारोह पर किये गये व्यय का पुनर्भरण स्टॉफ वेलफेयर फण्ड से किया जा सकेगा।

**समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तथा बिन्दु सख्या 3 के अंतर्गत प्रस्तावित राशि रू. 10,000/- के स्थान पर राशि रू. 5000/- स्वीकृत की गयी। अवशेष बिन्दु यथा प्रस्तावित अनुमोदित किये गये।**

(प्रो. एन.एस. व्यास)
कुलपति एवं अध्यक्ष
वित्त समिति

(एस.एन. शर्मा)
वित्त अधिकारी एवं सदस्य सचिव
वित्त समिति

Annexure - 1

(1)

## RAJASTHAN TECHINCAL UNIVERSITY, KOTA

## ABSTRACT

**Revised Budget Estimate 2013-14 & Budget Estimate 2014-15 (Expenditure)**

(Rs. In Lacs)

| S.No | Head of Budget | Actual Expenditure | | | Budget Sanctioned 2013-14 | Expenditure upto December 2013 | Revised Estimate 2013-14 | Budget Estimate 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | F Y 2010-11 | F Y 2011-12 | F Y 2012-13 | | | | |
| A | **Revenue Expenditure** | | | | | | | |
| 1 | Registrar | 50.62 | 105.66 | 1923.82 | 2065.29 | 1707.54 | 2435.90 | 2476.87 |
| 2 | Finance Officer | 7.95 | 13.44 | 7.14 | 9.05 | 8.78 | 15.60 | 16.00 |
| 3 | COE | 620.83 | 942.73 | 1619.62 | 1984.00 | 1322.68 | 2008.00 | 1977.50 |
| 4 | Director Academic | 21.71 | 20.85 | 15.62 | 30.50 | 11.06 | 20.01 | 26.01 |
| 5 | Director (UCE) | 1565.73 | 2011.38 | 104.08 | 141.60 | 56.48 | 134.20 | 281.25 |
| 6 | M. B. A. | 5.57 | 10.77 | 15.08 | 21.70 | 10.09 | 17.60 | 21.20 |
| 7 | M. Tech., Full Time | 62.94 | 86.39 | 91.62 | 109.25 | 75.85 | 116.00 | 122.50 |
| 8 | CEE | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 19.00 | 0.00 | 19.00 | 34.50 |
| 9 | Neno Tech. | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 27.80 | 8.31 | 12.01 | 19.00 |
| 10 | Estate Officer | 122.18 | 216.31 | 296.68 | 431.00 | 224.03 | 565.50 | 854.25 |
| 11 | Dean Research | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 15.00 | 0.00 | 10.00 | 15.00 |
| 12 | Pro-VC (Planning & Development) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 62.00 |
| 13 | A R (V C Sect.) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 5.00 |
| | **TOTAL A** | **2457.53** | **3407.53** | **4073.66** | **4854.19** | **3424.82** | **5353.82** | **5911.08** |
| B | **Capital Expenditure** | | | | | | | |
| 1 | Registrar | 0.46 | 0.42 | 1001.65 | 11.00 | 0.00 | 3.50 | 20.00 |
| 2 | Finance Officer | 0.07 | 0.65 | 1.08 | 101.50 | 0.67 | 101.50 | 52.00 |
| 3 | COE | 0.00 | 1.47 | 4.26 | 17.00 | 1.23 | 7.00 | 13.00 |
| 4 | Director Academic | 0.48 | 11.06 | 0.97 | 3.00 | 0.42 | 2.00 | 3.00 |
| 5 | Director (UCE) | 97.37 | 53.33 | 57.05 | 365.00 | 9.95 | 269.00 | 861.00 |
| 6 | M. B. A. | 2.30 | 0.85 | 0.11 | 18.75 | 0.21 | 11.70 | 18.75 |
| 7 | M. Tech., Full Time | 11.02 | 3.69 | 7.99 | 31.00 | 0.52 | 17.50 | 110.00 |
| 8 | CEE | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 10.00 | 0.00 | 6.00 | 10.00 |
| 9 | Neno Tech. | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 618.00 | 0.00 | 347.00 | 262.00 |
| 10 | Estate Officer | 125.61 | 65.87 | 47.73 | 1280.00 | 9.73 | 970.00 | 1415.00 |
| 11 | Dean Research | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 5.00 | 0.00 | 2.00 | 5.00 |
| 12 | Pro-VC (Planning & Development) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 540.00 |
| 13 | A R (V C Sect.) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 5.00 |
| | **TOTAL B** | **237.31** | **137.34** | **1120.84** | **2460.25** | **22.73** | **1737.20** | **3314.75** |
| | **Grant Total A+B** | **2694.84** | **3544.87** | **5194.50** | **7314.44** | **3447.55** | **7091.02** | **9225.83** |

**RAJASTHAN TECHNICAL UNIVERSITY, KOTA**

**Registrar**

**Revised Budget Estimate 2013-14 & Budget Estimate 2014-15 (Expenditure)**

Rs. In lacs

| S.No | Head of Budget | Actual Expenditure for 2010-11 | Actual Expenditure 2011-12 | Actual Expenditure 2012-13 | Budget Sanctioned 2013-14 | Expenditure upto December 2013 | Revised Estimate 2013-14 | Budget Estimate 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **A** | **Revenue Expenditure** | | | | | | | |
| 1 | Salaries & Allowances | 25.08 | 69.01 | 1866.14 | 1953.24 | 1649.92 | 2300.00 | 2347.77 |
| 2 | Travelling Allowance | 0.51 | 1.01 | 3.13 | 3.50 | 2.10 | 3.50 | 4.00 |
| 3 | Medical Reimburcement | 0.02 | 0.26 | 8.16 | 9.00 | 10.09 | 14.10 | 14.00 |
| 4 | Office Expenses | 8.41 | 12.58 | 20.09 | 30.00 | 31.66 | 45.00 | 35.00 |
| 5 | Hiring of Vehicle | 1.23 | 2.65 | 5.01 | 3.50 | 4.73 | 7.00 | 8.00 |
| 6 | Hiring of Computer With Operater | 1.63 | 4.64 | 17.92 | 20.00 | 8.50 | 15.00 | 20.00 |
| 7 | Conference Workshop | 0.41 | 0.52 | 1.50 | 1.00 | 0.53 | 1.25 | 2.00 |
| 8 | Books & Periodicals | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.05 | 0.01 | 0.05 | 0.10 |
| 9 | Convocation Expenses | 13.33 | 14.99 | 1.87 | 45.00 | 0.00 | 50.00 | 46.00 |
| | **Total A** | **50.62** | **105.66** | **1923.82** | **2065.29** | **1707.54** | **2435.90** | **2476.87** |
| **B** | **Capital Expenditure** | | | | | | | |
| 1 | Furniture & Office Equipment | 0.45 | 0.39 | 1.65 | 10.00 | 0.00 | 3.00 | 5.00 |
| 2 | Computer /Software | 0.01 | 0.03 | 0.00 | 1.00 | 0.00 | 0.50 | 1.00 |
| 3 | C.M. Budget Announcement (Transfer of fund to 5 Govt. Engg. Colleges) | 0.00 | 0.00 | 1000.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | Purchase of Laptop | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 14.00 |
